प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 05.09.2025

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।

थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त राजन तिवारी उर्फ मुन्ना पुत्र प्रहलाद तिवारी को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में आज दिनांक-05.09.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 318/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजन तिवारी उर्फ मुन्ना पुत्र प्रहलाद तिवारी निवासी ग्राम नई बस्ती खखरा थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

राजन तिवारी उर्फ मुन्ना पुत्र प्रहलाद तिवारी निवासी ग्राम नई बस्ती खखरा थाना मैगलगंज जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 संदीप कुमार यादव थाना मैगलगंज जनपद खीरी
2.हे0का0 असलम थाना मैगलगंज जनपद खीरी

थाना सम्पूर्णानगर पुलिस टीम द्वारा, कुल 42.450 लीटर अवैध नेपाली शराब व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद कर अभियुयक्त दिनेश कुमार पुत्र बृजनन्दन को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में आज दिनांक-05.09.2025 को थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, नेपाल रोड कुण्डा पुलिया के पास पहले वहद ग्राम इन्द्रानगर से अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र बृजनंदन निवासी ग्राम प्रतापनगर थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी को दो अदद प्लास्टिक की बोरी जिनमें एक बोरी में 54 अदद प्लास्टिक की शीशी प्रत्येक शीशी में 300 ml अवैध नेपाली शराब कुल 16.200 ली० अवैध नेपाली शराब तथा दूसरी बोरी में 105 अदद अवैध कच्ची शराब के पाउच जिसमे प्रत्येक पाउच में 250 ML कच्ची शराब कुल 26.250 ली0 अवैध कच्ची शराब कुल 42.450 ली0 अवैध नेपाली शराब व उसमे प्रयुक्त एक अदद हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका पंजीयन सं0- UP 31 BX 1940 सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 164/2025 धारा 63/72 EX ACT पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

दिनेश कुमार पुत्र बृजनंदन निवासी ग्राम प्रतापनगर थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

बरामदगीः-

1. 54 अदद नेपाल शराब Karnali Deluxe प्रत्येक में 300 ml कुल 16.200 लीटर अवैध नेपाली शराब
2. एक अदद बोरी में 105 पाउच, प्रत्येक पाउच में 250 ML कुल 26.250 लीटर अवैध नेपाली कच्ची शराब
2. एक अदद हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाईकिल पंजीयन सं0- UP 31 BX 1940

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 अनिल सिंह पंकज थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
2.हे0का0 अजीत थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
3.का0 नरेन्द्र थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
4.का0 प्रदीप कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

1.थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, मु0सं0 3248/2022 धारा 323/504/506 भादवि में 03 नफर वारंटी अभियुक्तों 1.सहाबुद्दीन पुत्र गोबरे 2.जलालुद्दीन पुत्र गोबरे 3.अर्कश पुत्र शहाबुद्दीन निवासीगण थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 55 लीटर अवैध शराब बरामद कर 05 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **55 लीटर अवैध कच्ची शराब** बरामद कर **05 नफर** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **05 अभियोग** पंजीकृत किया गया।